नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़- गोरखपुर
मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                 दिनांक : 22.11.2018

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर 17–23 नवम्बर 2018 तक होने वाली वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत आज हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता, हिन्दी भाषण प्रतियोगिता एवं हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। **हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता** के संयोजन मनोविज्ञान विभाग के **सहायक आचार्य डॉ. वेंकट रमन** ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अनेक समसामयिक एवं मानविकी मुद्दों पर अपनी बेवाक राय रखी। जिसमें प्रमुख रूप से आधुनिक समाज में नारी की स्थिति, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, वर्तमान में घटते जीवन मूल्य, वर्तमान समाज में संघर्ष, शिक्षाप्रणाली का स्वरूप कैसा निर्धारित हो, मीड़िया व समाज, भारत निर्माण में युवा की भूमिका, आधुनिक भारतीय संस्कृति, केन्द्रीय अन्वेषण ब्युरो में बढ़ता भ्रष्टाचार, जी.एस.टी. का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव प्रभाव तथा विमुद्रीकरण का लाभ और हानि जैसे विषय शामिल रहे। प्रतियोगिता में श्री अंकित कुमार पाण्डेय बी.ए. द्वितीय वर्ष को प्रथम स्थान, श्री राहुल गिरी बी.ए. तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान, विन्ध्यवासिनी सिंह बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष को तृतीय स्थान, संदीप कुमार तिवारी बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया प्रतियोगिता में कुल 28 प्रतिभागी शामिल हुए।

वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत **'सुशासन विकास की पहली शर्त है'** विषय पर आयोजित **हिन्दी भाषण प्रतियोगिता** में श्री राहुल गिरि बी.ए. तृतीय वर्ष ने कहा कि अच्छा बजट, सही प्रबन्धन, सदाचार एवं कानून का शासन, पारदर्शिता जहाँ सुशासन के लक्षण हैं वही जंगल राज, लोगों की कम भागीदारी भ्रष्टाचार का बोलबाला आदि दुःशासन के लक्षण है। सुशासन कबीलाई संस्कृति से लेकर आधुनिक मानव सभ्यता के विकासक्रम में प्रबल प्रेरक की भूमिका में रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. बृजभूषण लाल ने बताया कि श्री राहुल गिरि बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम स्थान, श्री सत्यप्रकाश तिवारी बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, अंकित कुमार पाण्डेय को तृतीय एवं श्री वैभव गुप्ता बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष ने सांत्वना प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।


वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में **'राष्ट्रीय एकता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता'** विषय पर आयोजित **निबन्ध प्रतियोगिता** में श्री अनुपम कुमार बी.ए. द्वितीय वर्ष को प्रथम, श्री .कृष्ण कुमार सिंह एम.कॉम प्रथम वर्ष को द्वितीय स्थान, श्री वैभव गुप्ता बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष को तृतीय. स्थान तथा विजय कुमार सुमन जुही ने सांत्वना पुस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. यशवंत राव ने विजयी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों ने निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत, सटीक भाषा का प्रयोग किया तथा अपनी भावना को व्यक्त करने में कामयाब रहे।

*क्रमशः....2*

वार्षिक  महोत्सव के अन्तर्गत **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. कृष्ण कुमार पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता में.शरद दुबे बी.ए. प्रथम वर्ष को प्रथम स्थान, कुलदीप प्रसाद बी.एड. प्रथम वर्ष को द्वितीय स्थान, पल्लवी बी.ए. द्वितीय वर्ष को तृतीय स्थान तथा सत्य प्रकाश तिवारी बी.ए. प्रथम वर्ष एवं रामा वर्मा बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया कार्यक्रम में कुल 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. शिव कुमार बर्नवाल, सुश्री रचना सिंह, डॉ. रमाकान्त दूबे, डॉ. आर. एन. सिंह, श्री मृत्युंजय सिंह, श्रीमती विभा सिंह, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, डॉ. आरती सिंह, डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय, डॉ. शिव कुमार, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, सुश्री नूपूर शर्मा एवं डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. अजय प्रताप निषाद, श्रीमती शिप्रा सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी